51 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 26 अगस्त। जैन मिलन ग्वालियर की ओर से आज वृक्षारोपण एवं हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम माधव डिस्पेंसरी के सामने स्थित वीर जैन छात्रावास में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने हरियाली महोत्सव में हरे रंग की साड़ियों में सोलह श्रृंगार कर मनोरंजन गेम भी खेले गए। वही महिला एवं पुरुषों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उन्हे सहेजने का संकल्प लिया।

महिलाओं ने मनाई हरियाली तीज

वृक्षारोपण के मुख्य अतिथि जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक प्रवीण गंगवाल एवं विशिष्ट अतिथि राजेंद्र जैन थे। अतिथि का सम्मान अध्यक्ष रोहित जैन, सचिव दीपक जैन एवं कोषाध्यक्ष राजेंद्र जैन ने किया। वही जैन मिलन ग्वालियर के मेंबरों में वृक्षा रोपण में गुलाब, जड़ी बूटी, तुलसी, नीमा, आंवला, आम, आदि 51 पौधे रोपण कर पर्यावरण संरक्षक का संदेश दिया। वही विनय कासलीवाल, मनोज सेठी, मुकेश पहाड़िया, योगेश बोहरा आदि मौजूद थे।

जैन मिलन में हरियाली तीज में महिलाएं हाथों में मेहदी ओर सोलह श्रृंगार कर पहुंची।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि जैन मिलन ग्वालियर के हरियाली महोत्सव में महिलाएं हरी साड़ी, हरी चूड़ियां, हरी बिंदी और आभूषण पहन कर पहुंची। हरियाली तीज में महिलाएं हाथों में मेहदी ओर सोलह श्रृंगार कर पहुंची। कार्यकम की मुख्य अतिथि के रूप में मंजू पाटनी थी। वही श्री मति आकांक्षी जैन, मंजू जैन ओर चेतना जैन ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यकम शुभारंभ मंजू जैन ओर आशा संतोषी जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। हरियाली महोत्सव में सभी ने मेंबरों ने हाऊजी खेला, सरप्राइज ओर सामूहिक नृत्य भी किया! वही सावन हरियाली महोत्सव क्वीन' का खिताब व ताज नीलम जैन ओर हरियाली रानी क्वीन नीलम जैन ने जीता। वही चेतना जैन, मंजू जैन ओर आकांक्षी जैन ने सामूहिक नृत्य किया।

गाये सावन के गीत, विजेता को मिले पुरुस्कार

सावन का महीना पवन करे शोर, झूला तो पड़ गए अमुआ की डाल पे जी...सावन के झूलों ने मुझको बुलाया सावन के झूलों ने मुझको बुलाया..जैन गानों पर महिलाओं ने झूले पर बैठकर गाने गायें। वही विजेता प्रथम वंदना जैन, दूसरे ईशा जैन, ओर तीसरे स्थान पर कल्पना जैन रही। सभी को पुरुस्कार अतिथियों के द्वारा प्रदान किए गये।

पौधा रोपण पर्यावरण के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी : गंगवाल

इस मौके राष्ट्रीय संरक्षक प्रवीण गंगवाल ने कहा कि पौधा रोपण पर्यावरण के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। पेड़ कार्बनडाई ऑक्साइड सोखकर शुद्ध ऑक्सीजन छोड़ते है जो हमारे लिए अति आवश्यक है। पौधे और पेड़ गर्मी को कम करते है ओर आसपास के तापमान को नियंत्रित रखते है, जिन क्षेत्रों में अधिक पेड़ होते है वहां अच्छी बारिश होती है। संचालन अध्यक्ष रोहित जैन एवं आभार सचिव दीपक जैन ने किया।

यहां पर भी मना हरियाली तीज महोत्सव

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 26 अगस्त। पुलक महिला जैन जागृति मंच शाखा मुरार द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। समाज के प्रवर्तक ललित जैन भारती ने बताया कि कार्यक्रम में मंच परिवार की करीब 40 महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस अवसर पर 10 नवीन सदस्यों ने भी मंच परिवार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के शुभारंभ पर संस्था अध्यक्ष शशि जैन, संरक्षिका कल्पना जैन, पूर्व अध्यक्ष चंद्रकांता जैन, कल्पना शास्त्री एवं सीमा जैन ने पूज्य गुरुदेव आचार्य पुलक सागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। इसके पश्चात मंच प्रार्थना, णमोकार मंत्र का पाठ एवं गुरुदेव की आरती की गई। कुमारी हर्षाली ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अनीता जैन ने किया। कार्यक्रम में महिला सदस्यों ने विभिन्न गेम्स, मस्ती, नृत्य एवं हाउजी का आनंद लिया और तीज महोत्सव को यादगार बनाया।

अनीता को क्वीन का मिला खिताब

कार्यक्रम की संयोजिकाएं संगीता जैन, डॉली जैन, शशि जैन एवं गीता जैन ने सामूहिक स्वागत नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। हरियाली तीज क्वीन का खिताब अनीता जैन ने प्राप्त किया, जबकि फर्स्ट रनरअप रुचि जैन रहीं। ज्योति जैन एवं भावना जैन ने हरियाली तीज पर आधारित लघु नाटक प्रस्तुत कर सभी का मनोरंजन किया।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने लिया ज्ञानवर्धक पुस्तकों का आनंद

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 26 अगस्त। नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा सेंट्रल लाइब्रेरी में आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी में छात्र-छात्राएँ उत्साहपूर्वक पहुंचकर विभिन्न विषयों की ज्ञानवर्धक पुस्तकों का आनंद ले रहे हैं।

सेंट्रल लाइब्रेरी में 30 अगस्त तक जारी रहेगी पुस्तक प्रदर्शनी

प्रदर्शनी में साहित्य, विज्ञान, इतिहास, कला, संस्कृति एवं बाल साहित्य सहित विभिन्न विषयों की पुस्तकें विद्यार्थियों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। यह पुस्तक प्रदर्शनी 30 अगस्त 2026 तक जारी रहेगी, जिसमें विद्यार्थी, पुस्तक प्रेमी एवं आमजन पहुंचकर पुस्तकों का अवलोकन कर सकते हैं।

बलराम महोत्सव के आमंत्रण को लेकर आए अपेक्स बैंक प्रशासक

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 26 अगस्त। आगामी 02 सितम्बर को कृषि उपज मंडी, ग्राम बेहट, मुरार, जिला ग्वालियर में बलराम जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले बलराम महोत्सव को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। महोत्सव में अधिक से अधिक किसानों एवं ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपेक्स बैंक प्रशासक श्री महेंद्र सिंह यादव ने ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र में गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों एवं किसानों को स्नेहपूर्वक आमंत्रित किया।

बलराम महोत्सव के आयोजन की परंपरा नंदलाल बाल कल्याण समिति द्वारा वर्ष 2006 से निरंतर किया जा रहा है। इसी परंपरा और कृषि एवं किसान कल्याण की भावना को आगे बढ़ाते हुए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश के प्रत्येक जिले में बलराम कृषि महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में अब तक प्रदेश के 22 जिलों में बलराम कृषि महोत्सव आयोजित किए जा चुके हैं। श्री महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि बलराम महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि अन्नदाता किसान के सम्मान, कृषि संस्कृति और ग्रामीण विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार किसान हित एवं कृषि क्षेत्र के विकास को निरंतर प्राथमिकता दे रही है। किसानों की आय में वृद्धि, कृषि को सशक्त बनाने, आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बलराम भारतीय कृषि संस्कृति और किसान जीवन के प्रतीक हैं। उनकी जयंती के अवसर पर आयोजित यह महोत्सव किसानों के सम्मान के साथ-साथ नई पीढ़ी को हमारी कृषि परंपराओं और ग्रामीण संस्कृति से जोड़ने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। श्री यादव ने ग्राम जनकपुर, पिछोर, जंगीपुर, भगेह, लखनौती, गिर्जौरां, मेहगांव, बहादुरपुर, डांग घुटीना, बरेठा, कच्छपुरा एवं भोगीपुरा में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया।

ग्वालियर के निशानेबाजों ने जबलपुर में गाड़े झंडे

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 26 अगस्त। जबलपुर में आयोजित 13वीं गन फॉर ग्लोरी राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में शूट फॉर गोल्ड शूटिंग रेंज, मुरार के निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। एनआरएआई सर्टिफाइड जूरी एवं साईं सर्टिफाइड नेशनल राइफल शूटर कोच गोविंद शर्मा के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

देवांश बरुआ ने 10 मीटर एयर पिस्तौल में 560/600 का स्कोर कर यूथ में स्वर्ण, जूनियर में रजत और सीनियर में कांस्य पदक जीता। वहीं तान्या तोमर ने 10 मीटर एयर राइफल में 396/400 अंक हासिल कर प्रतियोगिता का सर्वोच्च स्कोर बनाया और जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अभिषेक सिंह ने 393/400 के स्कोर के साथ तीन स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। प्रद्युम्न जादौन ने 10 मीटर एयर पिस्तौल में चार स्वर्ण और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। रोहित गोसाईं ने सात महीने बाद वापसी करते हुए 372/400 का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया और सीनियर व्यक्तिगत में कांस्य तथा टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा विष्णु शर्मा, आयुष पालिया, राज गुर्जर और शशिकान्त मिश्रा ने भी टीम स्पर्धाओं में पदक जीतकर ग्वालियर का गौरव बढ़ाया। समापन समारोह में अंतरराष्ट्रीय जूरी प्रियांशी गुप्ता एवं जनरल सेक्रेटरी राकेश गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को पदक व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। कोच गोविंद शर्मा ने सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव अल्प प्रवास पर ग्वालियर आए

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 26 अगस्त। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अल्प प्रवास (ट्रांजिट विजिट) पर बुधवार को ग्वालियर आगमन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वायु मार्ग द्वारा अपरान्ह लगभग 2.15 बजे विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल के साथ राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल पधारे। विमानतल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर एवं पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल के साथ हैलीकॉप्टर द्वारा मालनपुर जिला भिण्ड के लिये प्रस्थान किया। मालनपुर में गोदरेज इंडस्ट्रीज की चौथी इकाई का शुभारंभ करने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपरान्ह लगभग 4.30 बजे वापस ग्वालियर विमानतल पहुँचे। ग्वालियर एयर टर्मिनल पर जिले की लाड़ली बहनाओं से राखी बंधवाने के बाद मुख्यमंत्री ने विमान द्वारा इंदौर के लिये प्रस्थान किया।

विमानतल पर कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष श्री केशव सिंह बघेल, जीडीए के अध्यक्ष श्री मधुसूदन सिंह भदौरिया, महर्षि पतंजलि बोर्ड के अध्यक्ष श्री कौशल शर्मा, नगर निगम सभापति श्री मनोज तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण श्री प्रेम सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री, प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक श्री असित यादव, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक चौधरी, एडीएम श्री सी बी प्रसाद सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

तीसरा जिला स्तरीय जन-विश्वास शिविर 29 को

ग्वालियर 26 अगस्त। 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान' के तहत ग्वालियर जिले का तीसरा जिला स्तरीय शिविर शनिवार 29 अगस्त को बिलौआ नगर परिषद में आयोजित होगा। शुक्रवार 28 अगस्त को रक्षाबंधन का अवकाश होने के कारण जन-विश्वास शिविर शनिवार 29 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से नगर परिषद बिलौआ के सभी वार्डों के निवासियों को लाभान्वित कराया जायेगा। शिविर शुरू होने से पहले विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ फील्ड भ्रमण कर अपने-अपने विभाग की संस्थाओं का निरीक्षण करेंगे।

ग्वालियर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शहर के स्कूलों में तीन दिन तक विभिन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने विधिवत आदेश जारी कर दिए हैं। इसके बाद तैयारी शुरू हो गई है

खोया-पाया

उपरोक्त विषयांतर्गत सादर निवेदन है कि मैं प्रवीण कुमार जैन एवं श्रीमती शैली जैन जब मैं अपने ऑफिस से सी.पी. कॉलोनी ऑफिस से सदर बाजार मुरार में सामान लेते समय मेरी एक्टिवा क्रमांक एमपी07एसई5483 पर रखा ऑफिस बेग मार्केट में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया। जिसमें मेरे ऑफिस के जरूरी कागजात,वसूली डायरी, नगदी एवं बैंक AC. No. 32868867605 का चालू खाता एवं मेरी पत्नी शैली जैन के AC. No. 40956181286 OD. AC. के मेरे व मेरी पत्नी के कुछ Blank हस्ताक्षरित चेक जो व्यापारियों को देने थे एंव कुछ खाली चेक थे। उन चेकों का कोइ भी व्यक्ति बैइमानी पूर्ण आशय से उनका दुरपयोग कर सकता है। इस कारण थाने में सूचना प्रस्तुत है।

सूचनाकर्ता
श्री प्रवीन कुमार जैन एवं श्रीमती शैली जैन
सी.पी. कॉलोनी मुरार ग्वालियर म.प्र

CHANGE OF NAME

I, SHAKUNTALA DEVI Mother of Army No 15230666K, Rank HAV Name ANAND YADAV, Unit of 97 FD REGT C/o 56 APO, Presently residing at Vill - Dehari, Post - Dehari, Tehsil - Kerakat, Dist - Jaunpur, State - Uttar Pradesh, Pin code - 222142 have changed my name from SHAKUNTALA DEVI to SHAKUNTLA DEVI vide affidavit CC 135797 date 26.08.2026 before District Court Gwalior (M.P.)

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी फर्म का नाम मैसर्स सांई मिनल्स ग्वालियर, सी.एल. 34, दीन दयाल नगर, महाराजपुरा, भिण्ड रोड, ग्वालियर म.प्र. था जिसका पंजीयन क्रमांक 02/42/01/00104/10 दिनांक 29.07.2010 है।

जिसमें दिनांक 25.08.2026 को फर्म के नाम मे परिवर्तन कर मैसर्स सांई मिनरल्स कर लिया है तथा इसी दिनांक 25.08.2026 को फर्म के पते मे परिवर्तम कर सी-505, मिक्स टॉवर, डी.बी. सिटी, सचिन तेंदुलकर रोड, ग्वालियर म.प्र. हो गया है। आमजन एवं सर्वजन सूचित हो।

मैसर्स सांई मिनरल्स
श्री संजय जैन (पार्टनर)

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी फर्म से मैसर्स ए. एस. सिकरवार, एम-1367, न्यू दर्पण कालोनी, थाटीपुर, ग्वालियर म.प्र. जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक 02/44/01/0325/15 दिनांक 04.03.2015 है जिसमें दिनांक 25.08.2026 को साझेदारी फर्म में संशोधन कर पक्षकार श्री अरुण सिंह सिकरवार पुत्र श्री अरविंद सिंह सिकरवार आयु 45 वर्ष निवासी 36/118 लक्ष्मी कालोनी नैनागढ रोड मुरैना तथा पक्षकार श्रीमती शशिलता सिकरवार पत्नि श्री नीतेन्द्र सिंह सिकरवार आयु 49 वर्ष निवासी 36/118 लक्ष्मी कालोनी नैनागढ रोड मुरैना जोकि साझेदारी फर्म से अपनी स्वेछा से प्रथक हो गये है तथा उनके स्थान पर नवीन पक्षकार श्रीमति प्रतिक्षा पत्नि श्री तरुण सिंह सिकरवार आयु 30 वर्ष निवासी 36/118 लक्ष्मी कालोनी नैनागढ रोड मुरैना जोकि नवीन पक्षकार के रूप में शामिल हो गये है। फर्म से प्रथक हुए पक्षकार का भविष्य में फर्म से संबंधित किसी भी प्रकार के लेन देन या अन्य कार्यों में इनका कोई लेना देना शेष नही रहा है तथा भविष्य में फर्म से संबंधित किसी भी प्रकार के लेन देन या अन्य कार्यों में अपने शेयर के मुताविक शेष व नवीन साझेदार जिम्मेदार होंगे और वे फर्म के चालू रहने वाले अन्य साझेदार को स्वीकार है।

मैसर्स ए. एस. सिकरवार
श्री तरूण सिंह सिकरवार (पार्टनर)

आम सूचना

श्री भागचन्द्र पुत्र श्री रामदयाल के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्रमांक 30 एवं 31, स्थित बड़ागाँव, मुरार, ग्राम खुरेरी, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो वार्ड क्र.61 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.1405/1 ग्राम खुरेरी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 718 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है-पूर्व में दीगर का भूखण्ड, पश्चिम में भूखण्ड नंबर 31 का भाग, उत्तर में रास्ता एवं दक्षिण में दीगर का भूखण्ड है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री सुल्तान सिंह, श्री भागचन्द्र, श्री अतर सिंह पुत्रगण श्री रामदयाल, श्रीमती रामदुलारी पत्नी स्व. श्री मनीराम, श्री हरनाम सिंह, जयसिंह पुत्रगण स्व. श्री मनीराम, इमरतीबाई, सरोज, प्रीती, सोनू पुत्रियां स्व. श्री मनीराम के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री भागचन्द्र पुत्र श्री रामदयाल द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती लीलावती पत्नी श्री सरनाम सिंह के पक्ष में एक ड्राफ्ट विक्रय विलेख सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती लीलावती द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 14 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हों।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास, सिटी सेंटर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्री कुलदीप लमानिया पुत्र श्री महाराम लमानिया के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम हमीरपुर, उनाव रोड से लॉर्ड कृष्णा कॉलेज होते हुये न्यू झाँसी वायपास, रोड से अन्दर, तहसील एवं जिला दतिया (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.664 ग्राम हमीरपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में रास्ता 25 फुट चौड़ा, पश्चिम में-गोपाल पाल की भूमि, उत्तर में सम्पत्ति कुलदीप लमानिया एवं दक्षिण में-सम्पत्ति प्रियंका पाल है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री गोपाल पाल पुत्र श्री काशीराम पाल एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री गोपाल पाल द्वारा सम्पत्ति 2000 वर्गफुट एरिया श्री कुलदीप लमानिया पुत्र श्री महाराम लमानिया को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 22 आईजीआर 17182026ए 100584593 दिनांक 18.05.2026 से विक्रय की गई। श्री कुलदीप लमानिया द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती वंदना बसेडिया पत्नी श्री लक्ष्मी कान्त के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती वंदना बसेडिया द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मणप्पुरम होम फायनेंस लिमिटेड दतिया के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास, सिटी सेंटर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्री विष्णु यादव पुत्र स्व. श्री रामसेवक यादव के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन क्र.368-ए (सीरियल क्र.388), स्थित रिछरा फाटक, तहसील एवं जिला दतिया (म.प्र.) है जो नगर पालिका परिषद दतिया वार्ड क्र.16 (पुराना) एवं गाईडलाईन अनुसार वार्ड क्र.02 (नया) में स्थित है एवं जिसका क्षेत्रफल 873 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में भवन श्रीमती रजनी यादव, पश्चिम में रास्ता बाद भवन श्री राधेश्याम यादव, उत्तर में भवन श्री सुरेन्द्र यादव एवं दक्षिण में गली है। उक्त सम्पत्ति नगर पालिका परिषद दतिया के रिकॉर्ड दिनांक 25.03.2026 के अनुसार श्री विष्णु यादव पुत्र स्व. श्री रामसेवक यादव के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री विष्णु यादव द्वारा उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में श्रीमती ज्योति यादव पत्नी श्री विष्णु यादव के पक्ष में एक लिखतम सहस्वामित्व विलेख सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड सहस्वामित्व विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित कोई भी रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। श्री विष्णु यादव एवं श्रीमती ज्योति यादव द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मणप्पुरम होम फायनेंस लिमिटेड दतिया के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर अथवा पूर्व का कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास, सिटी सेंटर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा **श्रीमती रमा जाटव पत्नी श्री राजेश जाटव** ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट स्थित मुंशी का बाग गांव जौरी जिला मुरैना में है। जो कि सर्वे क्र. 82/26/1, 183/8/1, 184/1/1 का भाग 765 वर्गफुट है। जिसका म्यु, वार्ड क. 05 है, जो मेरी पक्षकारा की क्रयसुधा संपति है। मेरी पक्षकारा के विक्रता श्रीमती सीमा पत्नी श्री शशिकांत के पूर्व विक्रता श्री केशव सिंह पुत्र स्व. स्वर्गीय श्री बैजनाथ के सहभूस्वामी श्री रामप्रकाश, संतोषी, ब्रजकिशोर, स्वर्गीय श्री बैजनाथ और श्रीमती गंगादेवी पत्नी उमाशंकर शर्मा और लीलावती पुत्री स्वर्गीय श्री बैजनाथ और जगदीश पुत्र श्री रामचरण की काश्त की कृषि भूमि खसरे में सयुक्त भूमि राजस्व आभिलेख में भूमि स्वामी की हैसियत से दर्ज होकर चली आ रही है। मेरी पक्षकारा के क्रयसुधा संपति के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है। पूर्व में मनीष का प्लाट पश्चिम में रास्ता 20 फीट उत्तर में रास्ता 20 फीट, दक्षिण में शर्मा जी का प्लॉट जिसका कुल क्षेत्रफल 765 वर्गफुट है। गेरी पक्षकारा के विक्रता श्रीमती सीमा पत्नी श्री शशिकांत के दद्वारा उक्त अचल प्लाट श्रीमती रमा जाटव पत्नी श्री राजेश जाटव को विकित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, रारंथा, निगम, शाराकीय, अशाराकीय विभागो या प्राईवेट फायनेंश को या विक्रेता या पूर्व विक्रता के सहभूस्वामी स् श्री रामप्रकाश, संतोषी, ब्रजकिशोर, स्वर्गीय श्री बैजनाथ और श्रीमती गंगादेवी पत्नी उमाशंकर शर्मा और लीलावती पुत्री स्वर्गीय श्री बैजनाथ और जगदीश पुत्र श्री रामचरण को कोई उज्ज व आपति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्ज व आपति मान्य व स्वीकार नहीं होगी और श्रीमती रमा जाटव पत्नी श्री राजेश जाटव अचल संपति प्लाट का कुल क्षेत्रफल 765 वर्गफुट पर हाउसिग लोन की सुविधा पीरामल फायनेश लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है, जो सुचित हो।
दिनांक 26.08.2026
स्थान : ग्वालियर

भवदीय संजय बाकलीवाल
चिक संतर मुरार ग्वालियर, मो. 930098195

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा **अर्चना सिकरवार पत्नि श्री सतेन्द्र सिंह सिकरवार** ने उक्त अचल सम्पति प्लॉट क. 13 का भाग स्थित ग्राम बरेठा जिला ग्वालियर में है। जो कि सर्वे क्र. 534/2/2 का भाग व पटवारी हल्का नं. 101 है। जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता प्रमोद सिंह पुत्र श्री सतेन्द्र सिंह एंव सहभागीदार प्रेम पालवार पुत्र श्री बहादुर पालवार की क्रयशुदा सम्पति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज ई रजिस्ट्रेशन नं. एम पी 142592025ए 1142709 दिनांक 03.03.2025 में वकील, राजेश, अलबेल, रवि पुत्रगण श्री भगवान सिंह के द्वारा कय किया। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है। पूर्व में अन्य भूमि, पश्चिम में रास्ता, उत्तर में प्लॉट क्र. 14, दक्षिण में-प्लॉट क. 13 का भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 710 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के विक्रेता प्रमोद सिंह पुत्र श्री सतेन्द्र सिंह एंव गजेन्द्र पाल पुत्र श्री रामबाबू को वसीयतग्रहिता की हैसियत से मेरी पक्षकारा अर्चना सिकरवार पत्नी श्री सतेन्द्र सिंह सिकरवार को अचल सम्पति प्लॉट क. 13 का भाग कुल क्षेत्रफल 710 वर्गफुट को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश या वसीयतग्रहिता गजेन्द्र पाल पुत्र श्री रामबाबू के किसी भी परिवारिक सदस्य को कोई उज्ज व आपति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 07 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्ज व आपति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा अर्चना सिकरवार पत्नी श्री सतेन्द्र सिंह सिकरवार को अचल सम्पति प्लॉट क्र. 13 का भाग कुल क्षेत्रफल 710 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा आदित्य बिरला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेंन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सूचित हो।
दिनांक 26.08.2026
स्थान : ग्वालियर

भवदीय संजय बाकलीवाल
चिक संतर मुरार ग्वालियर, मो. 930098195

आम सूचना

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार केन फिन होम्स लिमिटेड के यहाँ ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदिका श्रीमती ममता शिवहरे पत्नी कैलाश शिवहरे निवासी- महेशपुरा, शासकीय स्कूल के पास, अजयपुर, लश्कर, ग्वालियर के द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदिका द्वारा जिस सम्पत्ति को सम्भ्यक बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया जा रहा हैं वह सम्पत्ति पूर्व में गब्बर सिंह पुत्र कुँवर सिंह निवासी- 13 बटालियन, कम्पू, लश्कर, ग्वालियर ने अपने जीवन काल में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक. 2386, ग्रंथ क्रमांक 12409, दिनांक 31.10.2001 के माध्यम से क्रय की थी। इसके बाद गब्बर सिंह की दिनांक 29.01.2008 को मृत्यु हो गयी और वारीसान के रूप में उनकी पत्नी 1. श्रीमती सूरमा देवी पत्नी गब्बर सिंह 2. अंकित सिंह नेगी पुत्र स्वर्गीय गब्बर सिंह 3. लक्ष्मी नेगी पुत्री गब्बर सिंह 4. आशा नेगी पुत्री गब्बर सिंह के नाम का राजस्व रिकॉर्ड में नामान्तरण हुआ और उन्होनें उपरोक्त सम्पत्ति को विक्रय करने हेतु श्रीमती ममता शिवहरे पत्नी कैलाश शिवहरे से लिखतम विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित कर लिया। प्रस्तावित सम्भ्यक बंधक की जा रही सम्पत्ति का विवरण निम्नानुसार है:- सम्पत्ति जिसका भूमि सर्वे नं. 507 एवं 508 ग्राम महेशपुरा, शासकीय स्कूल के पास, सिकंदर कम्पू, लश्कर, ग्वालियर में स्थित है। जिसकी सम्पत्ति आईडी क्रमांक 1004315376 है। जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्गफीट है। सम्पत्ति की चुर्तसीमायें निम्नानुसार हैं:- पूर्व में - रोड़, पश्चिम में - रोड़, उत्तर में - प्लॉट लालाराम, दक्षिण में - प्लॉट अन्य। मृतक के वैध वारिसान के रूप में 1. श्रीमती सूरमा देवी पत्नी गब्बर सिंह 2. अंकित सिंह नेगी पुत्र पुत्र स्वर्गीय गब्बर सिंह 3. लक्ष्मी नेगी पुत्री गब्बर सिंह 4. आशा नेगी पुत्री गब्बर सिंह का वारिस होना बताया गया है। इसके अतिरिक्त उपरोक्त सम्पत्ति के संबंध में मृतक गब्बर सिंह पुत्र कुँवर सिंह के अन्य कोई वैध वारिसान हो या इस संबंध में कोई भी बैंक, वित्तीय संस्था, प्राइवेट फाइनेंसर आदि के पास उपरोक्त सम्पत्ति पूर्व से रहन, अथवा अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र बंधक हो तो या अन्य किसी भी प्रकार की सम्पत्ति को बंधक रखने में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेजों के लिखतम आपत्ति मेरे कार्यालय में दर्ज करावे। अवधि उपरांत मेरे पक्षकार केन फिन होम्स लिमिटेड द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति को संभ्यक बंधक रखकर ऋण दिये जाने की कार्यवाही निष्पादित करा ली जावेगी। उसके बाद की समस्त आपत्ति मेरे पक्षकार के मुकाबले प्रभावहीन व शून्यवत होंगी।

प्रेषक: डी.के. गुप्ता एवं प्रशांत माथुर (एडवोकेट्स)
कार्या.: 48 ए, प्रेम नगर, ग्वालियर (म.प्र.), मो. 9826297555, 9039124191

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान राहुल कुशवाह पुत्र श्री विजय सिंह कुशवाह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की एक अचल संपति जिसका वार्ड क्र. 65, नयापुरा सिकंदर कंपू, ग्राम अजयपुर एवं तहसील ग्वालियर ग्रामीण व जिला ग्वालियर के सर्वे क्र. 573/2/1 की होकर जिसकी चतुर्सीमा:- पूर्व में- रास्ता, पश्चिम में- रास्ता, उत्तर में- संपति बनवारी कुशवाह, दक्षिण में- रास्ता व कुल क्षेत्रफल 1215.35 वर्गफुट है। उक्त संपति पूर्व में श्रीमान भजन सिंह पुत्र श्री प्यारे के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों में विधिवत दर्ज हैं। तत्पश्चात श्रीमान भजन सिंह पुत्र श्री प्यारे द्वारा श्रीमान बनवारी पुत्र श्री विजय सिंह को दिनांक 05.02.2008 से वसीयत निष्पादित की गई। तदुपरांत श्रीमान बनवारी कुशवाह पुत्र श्री विजय सिंह कुशवाह द्वारा श्रीमान राहुल कुशवाह पुत्र श्री विजय सिंह कुशवाह को ई-रजिस्टर्ड दान-पत्र दस्तावेज क्र. MP21IGR17402026A101000400 व दिनांक 14.08.2026 से दान की गई। अतः उक्त संपति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष उक्त संपति पर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत होकर बंधक किए जाना प्रस्तावित है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपतियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होंगी और उक्त संपति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति
दिनांक- 26.08.2026

प्रेषक- विशाल अग्रवाल (अधिवक्ता)
कार्यालय- 'मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट'
ग्राउंड फ्लोर यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नं. 2 के पास, सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.) मो. 9826820987

भारत पेट्रोरिसोर्सेज लिमिटेड

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी
बीपीसीएल 'ए' इंस्टॉलेशन, दूसरी मंजिल, एमिनिटीज़ ब्लॉक, शिवडी, मुंबई - 400015

डोमेन विशेषज्ञ सलाहकारों की नियुक्ति

भारत पेट्रो रिसोर्सेज लिमिटेड (BPRL) को परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए डोमेन विशेषज्ञ सलाहकारों (भू-विज्ञान एवं रिज़र्वायर इंजीनियरिंग) की नियुक्ति करना चाहता है। नियुक्ति से संबंधित विवरण BPRL की वेबसाइट **www.bharatpetroresources.in** पर Tender → Hiring of domain expert advisors के अंतर्गत उपलब्ध होंगे। इस नियुक्ति से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र / परिशिष्ट / नियत तिथि में विस्तार आदि, यदि कोई हो, तो BPRL की वेबसाइट **http://www.bharatpetroresources.in** पर अपलोड किए जाएंगे और किसी अन्य माध्यम में प्रकाशित नहीं किए जाएंगे।
आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय: **14.09.2026 को 12:00 बजे तक**।
किसी भी स्पष्टीकरण के लिए संपर्क करें: श्री मनोज मौर्य, वरिष्ठ प्रबंधक, BPRL
फोन: +91 9619585577 / ई-मेल: manoj.maurya@bharatpetroresources.in

उत्तर मध्य रेलवे

खुली निविदा सूचना सं: JHSW-M-S-RB-2026-27-8R1 दिनांक: 24.08.2026

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अनुभवी या इच्छुक ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम: वैगन मरम्मत कार्यशाला, झाँसी में रोलर बियरिंग शॉप की पीओएच गैर-मुख्य गतिविधियों के दौरान विविध वैगनों के व्हील सेट के रोलर बियरिंग को खोलने, साफ करने और स्थानांतरित करने की आउटसोर्सिंग।

कार्य की लागत : Rs. 33,57,259.38 /- (18% जीएसटी सहित), **अग्रिम राशि : Rs. 67,200/-**
कार्य पूरा होने का समय : बारह महीने, ऑनलाइन टेंडर क्लोजिंग डेट और समय : **17.09.2026** समय 16:00 बजे तक। निविदा और निविदा प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **1975/26 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR